# DOON VALLEY OFFICERS COOPERATIVE HOUSING SOCIETY LIMITED

(Regd. under Co-oprative Societies Act II of 1912, Regd. No. 723 dated 7-6-1966)

VASANT VIHAR, CHAKRATA ROAD,
DEHRADUN - 248006 ☎ : 0135-2765957
email : dvochsl@outlook.com


Ref. No. **0719**/DVOCHSL/AGM Dated: 28 फरवरी 2022

## समिति की सामान्य निकाय की बैठक दिनांक 27 फरवरी 2022 की कार्यवाही का विवरण

समिति की सामान्य निकाय की बैठक 27 फरवरी 2022 प्रातः 11 बजे आहूत की गई। बैठक में कुल 43 सदस्यों में से 32 सदस्य उपस्थित थे। अतः गणपूर्ति पूर्ण रही। कार्यवाहक सभापति ने बैठक की अध्यक्षता की।

कार्यवाहक सभापति ने सर्वप्रथम उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए सूचित किया कि पिछली बैठक के बाद समिति के कुछ सदस्यों का देहावासन हो चुका है। इस पर सभी सदस्यों ने खड़े हो कर दो मिनट का मौन धारण करते हुए दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना की।

**प्रस्ताव संख्या 1 :– सामान्य निकाय की पिछली बैठक दिनांक 19–09–2021 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदनः–**

उप सभापति महोदय ने समिति के सचिव महोदय से दिनांक 19 सितम्बर 2021 की बैठक की कार्यवाही को पढ़ने का अनुरोध किया। कार्यवाही पढ़े जाने के पश्चात् दिनांक 19 सितम्बर 2021 की कार्यवाही की पुष्टि का प्रस्ताव डा0 एससी देवरानी द्वारा रखा गया जिसका अनुमोदन श्री धीरेन्द्र शर्मा द्वारा किये जाने पर सर्व समिति से दिनांक 19 सितम्बर 2021 की कार्यवाही की पुष्टि की गई।

**प्रस्ताव संख्या 2 :– सामान्य निकाय की पिछली बैठक दिनांक 19–09–2021 में लिए गए निर्णयों का कार्यपालन की स्थितिः–**

सचिव ने सदस्यों को सूचित किया कि वर्ष 2020 –21 में निम्न कार्य पूर्ण किये गयेः–

1. सोसाइटी ऑफिस के पास लोहे की जाली की घेरबाड़
2. सोसाइटी ऑफिस मे Inter Locking tiles का लगाना।
3. सोसाइटी ऑफिस पार्किंग की मरम्मत ।
4. पार्क नं0 10 की दीवार ।
5. चकरौता रोड के पास लोहे की जाली द्वारा घेरबाड़।
6. पार्क नं0 11 के चारों तरफ जाली घेरबाड।



M Rawat

प्रस्ताव संख्या 3 वर्ष 2020–21 के स्वीकृत कार्यों की प्रगतिः–

सचिव ने सदस्यों को अवगत कराया कि वर्ष 202–21 में लिये गये निर्णयों की कार्य प्रगति निम्न है:–

| क्रम संख्या | निर्णय | कार्य प्रगति |
|---|---|---|
| 2. | विकास के लिए फंड अलग खाते में रखा जाये | विकास कार्य के लिए अलग से UBI बैंक में खाता खोला गया है। इसे अलग रखा जा रहा है। |
| 3. | आकस्मिक खर्चो के लिए रू012 लाख का बजट रखा जाये | रू0 12 लाख का बजट आकस्मिक खर्चो के लिए रखा गया है। |
| 4. | सदस्यों से 01 अप्रैल 2022 से रू0 300/– समिति शुल्क एक बार में लियाजाय। | 01 अप्रैल 22 से 30 जून 2022 तक पूरा शुल्क रू0 3600 /– एक बार में लिया जायेगा। इस बारे में सभीको न्यूज लेटर द्वारा भी सूचित किया जा चुका है। |
| 5. | फेज–2 सेमल पेड़ के पास सड़क पर गढ्ढे भरना | कार्य के बारे में इंजीनियर द्वारा estimate बनवा रहे हैं। समिति द्वारा रिपेयर कर दिया जायेगा |
| 6. | गुरू राम राय स्कूल के पास सड़क पर speed breaker बनवाया जाय | speed breaker बने हुये है। सड़क पर barrier रख दिये गये है। |

Done.
PC - 224, 220

प्रस्ताव संख्या 4: कार्य 2022 –2023 की कार्ययोजना का प्रारूपः–

श्री अजय कुमार लाल ने सदस्यों को बताया कि पिछले दो महीनों में सोसाइटी द्वारा प्रतिनिधियों (डेलीगेट) का Whats App Group बनाया गया है। सभी डेलीगेट अपने सुझाव भेज रहे है।

सोसाइटी की website-www.dvochs.com शुरू हो गई है और इस पर कार्य चल रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से भी सभी सदस्य अपने सुझाव, विचार एवं आग्रह भी दे सकते है। सदस्यों के नोमिनेशन का रिकार्ड update किया जा रहा है। सभी सदस्यों का पूरा Data Base बनाया जायेगा व समय समय पर up date किया जायेगा। Asset management पर ध्यान दिया जा रहा है।

समिति के अन्तर्गत क्षेत्रों में होने वाले कार्यों की प्राथमिकताएं चूकि भिन्न है इसलिए सदस्य जो अपने समूह का प्रतिनिधित्व भी करते है 20 मार्च तक अपने सुझावों व



M Kaushik

प्रस्तावित कार्यो का विवरण प्राथमिकता से आधार पर लिखित में प्रबंध समिति को भेज दें ताकि आगामी वर्ष मे उन कार्यो को करने हेतु विचार व कार्यवाही की जा सकें।

श्री अजय कुमार ने बताया कि Society के Bye laws के संसोधन के बारे में विचार किये जाने की आवश्यकता है। इस संबंध मे कई आग्रह व सुझाव भी प्राप्त हुए हैं।

Lt Col L K Purohit ने बताया कि दो मृत सदस्यों का Nomination नहीं है और वसीयत द्वारा सम्पति का निपटारा होना है, जिन्हे Pending रखा गया है। Nomination के बारे में सदस्यों द्वारा चर्चा की गई। यह निर्णय लिया गया कि इस विषय पर एक कमेटी बनाई जाय जिसमें निम्न सदस्य होगे–

1. श्री अजय कुमार लाल – संयोजक
2. श्री पी के शर्मा – सदस्य – सदस्य
3. कर्नल पी एस बिस्ट – सदस्य
4. श्री सुशील नौटियाल – सदस्य
5. श्री सुरेन्द्र वर्थवाल – सदस्य

उपरोक्त कमेटी इस विषय पर विस्तृत अध्ययन के बाद अपने सुझाव समिति की प्रबन्धक कमेटी को 3 महीने के अन्दर प्रस्तुत करेगी। उसके पश्चात् ही प्रबन्धक कमेटी द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

**<u>प्रस्ताव संख्या 5 समिति क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्थाः–</u>**

ले0 कर्नल एल0 के0 पुरोहित ने समिति की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में सदस्यों को बताया। उन्होने बताया कि चूंकि हमारी समिति चारों तरफ से खुली है इसलिए सुरक्षा अत्यन्त आवश्यक है। यह निर्णय लिया गया कि रात के वक्त दो सुरक्षा गार्डो को बढ़ा दिया जाय। ले कर्नल ए के पुरोहित ने बताया कि यदि सदस्य सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड चाहते हैं तो उसके लिए अतिरिक्त व्यय की व्यवस्था करनी पड़ेगी! यदि सभी सदस्य सुरक्षा के लिए रू0 600/– प्रतिमाह दे तो समिति क्षेत्र में 20 सुरक्षा गार्ड की जरूरत है। यह निर्णय किया गया कि सुरक्षा के विषय में व्यापक चर्चा के बाद निर्णय किया जायेगा।

**<u>प्रस्ताव संख्या–6: समिति क्षेत्र में सफाई व्यवस्थाः–</u>**

श्री धीरेन्द्र शर्मा सदस्य प्रबन्धन समिति द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में समिति द्वारा हरे कूड़े (Green Waste) को प्रत्येक क्षेत्र में, सप्ताह में तीन बार उठाने की नई व्यवस्था लागू की गयी है। चर्चा के दौरान सदस्यों द्वारा बताई गयी समस्याओं के सम्बन्ध में सदस्यों का सुझाव था कि भवन निर्माण के दौरान भवन सामग्री के



MKaush

बेतरतीव भण्डार को रोकने, 5:30 बजे सांय के बाद भवन निर्माण गतिविधियों से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने, समिति क्षेत्र में अनिधिकृत वाहनों की पार्किंग पर रोक लगाने तथा भवन निर्माण के दौरान जनित कचरे (Construction Waste) के सामयिक हटाने हेतु व्यवहारिक एवं प्रभावी व्यवस्था निर्धारित की जाये।

**प्रस्ताव संख्या–7: उद्यानो का रखरखावः–**

श्री धीरेन्द्र शर्मा, सदस्य प्रबन्धन समिति द्वारा जानकारी दी गई की समिति क्षेत्र में स्थित 14 उद्यानों (Parks) की वर्तमान अधोसंरचना को देखते हुए वर्ष 2022–23 में निम्न कार्य किया जाना प्रस्तावित हैः–

(i) पार्क 1 एवं पार्क 5 प्रभावी घेरबाड़ हेतु आवश्यक दीवाल/फेंसिंग।

(ii) पार्क 2 एवं पार्क 12 में दीवाल की आंशिक मरम्मत।

(iii) पार्क 9 एवं पार्क 10 में पैदल पथ (Walking Track) के निर्माण कार्य पर निर्णय, समूह प्रतिनिधियों एवं पार्क के आसपास रहने वाले निवासिंयों से विचार विमर्श कर लिया जायेगा।

चर्चा के दौरान सदस्यों ने उद्यानों के नियमित रखरखाव करने पर बल दिया गया। सदस्यों के सुझाव अनुसार उद्यानों का विकास/रखरखाव किया जायेगा।

**प्रस्ताव संख्या 8. सदस्यों के पूर्व मे प्रेषित तथा उपस्थित सदस्यों के सुझावः–**

श्री अजय कुमार लाल द्वारा सदस्यों से प्राप्त सुझावों को बिन्दुवार प्रस्तूत किया जिसपर चर्चा की गई। प्राप्त सुझावों पर प्रबन्धक कमेंटी चर्चा करने के पश्चात उन पर, उचित निर्णय लेगी तथा सदस्यों को अवगत कराएगी।

- अन्त में अन्य कोई अन्य बिन्दु न होने के कारण उपसभापति द्वारा सदस्यो को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

सचिव

Secretary
Doon Valley Officer Co-op
Housing Society Ltd Dehradun

उप–सभापति

V. Chairman
Doon Valley Officer Co-op
Housing Society Ltd Dehradun